# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
## सर्कुलर रोड, राँची
## शुद्धि पत्र

**झारखण्ड राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक (निश्चेतना विभाग) (विज्ञापन संख्या–08/2023) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

**दिनांक–22.03.2023** को निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक (निश्चेतना विभाग) के **कुल–08** पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–08/2023 का प्रकाशन कर झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत् चिकित्सा पदाधिकारी से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था।

1. झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत् चिकित्सा पदाधिकारी से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने के प्रावधान को विलोपित करते हुए झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2021 (अधिसूचना संख्या–552(9), दिनांक–09.12.2021) की कंडिका–2 में निहित प्रावधान यथा–

   "सहायक प्राध्यापक की विभागवार रिक्त पदों के विरूद्ध प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के आरंभ में सर्वप्रथम झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी में से नियुक्ति की जायेगी, जो इस हेतु राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (National Medical Commission) के मापदण्डों को पूर्ण करते हैं। चयन की प्रक्रिया को झारखण्ड लोक सेवा आयोग अपने स्तर से क्रियान्वित करेगा। मेधा का निर्धारण झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2018 के अध्याय–4 के Annexure-B की कंडिका–(III), (IV), (V), (VI) में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप होगा।

   तदोपरान्त विभागवार शेष रिक्त पदों पर झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2018 के अनुरूप नियुक्ति की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।" को विज्ञापन में इस प्रकार अंतःस्थापित किया जाता है।

2. विज्ञापन के कंडिका–6.(i) अनिवार्य अर्हत्ता में Medical Council of India, Minimum Qualifications for Teachers in Medical Institutions Regulations, 2019 (Notification No. 189334, dated-12th Feb, 2020) द्वारा निर्धारित योग्यता एवं अनुभव को निम्नवत् अंतःस्थापित किया जाता हैः–

| Post | Academic Qualification | Teaching & Research Experience |
|---|---|---|
| **Assistant Professor** | A Post Graduate Qualification MD/MS/DNB in the concerned subject and as per the TEQ regulations. | 3 Years Junior Resident in a recognized/permitted Medical College in the concerned subject and One year as Senior Resident in the concerned subject in a recognized/permitted Medical College.<br><br>In Case of DNB candidate equated to MD/MS in terms of clause 4A of Schedule-I, in addition to 3 year teaching experience in the subject as Resident/Registrar/Demonstrator/Tutor/or work experience gained during DNB training, one year as Senior Resident in the concerned subject in a recognized/Permitted Medical College.<br><br>**Note:- Senior Resident is one who is doing his/her residency in the concerned post graduate subject after obtaining PG degree (MD/MS/DNB) and is below 45 years of age.** |

कृ0पृ0उ0

3. विज्ञापन की शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

4. उक्त के आलोक में अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।

**नोट—वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या—08/2023 के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन एवं हार्ड—कॉपी समर्पित किया गया है, पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

5. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु तिथि एवं अन्य निदेश निम्नांकित हैः—**

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि | दिनांक—13.05.2025 से दिनांक—02.06.2025 तक |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | दिनांक—02.06.2025 समय—5:00 P.M. |
| परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि | दिनांक—03.06.2025 समय—5:00 P.M. |
| हार्ड—कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक—16.06.2025 समय—5:00 P.M. |

6. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. 9431301636 एवं 9431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न—10:00 बजे से संध्या संध्या 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

7. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/—
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।